हरिभूमि

# कोरिया भूमि

तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

बिलासपुर, मंगलवार 12 मई 2026



6 खड़गवां से गोहगढ़ तक की जर्जर सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए बनी परेशानी की सबब




## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


### खबर संक्षेप

## जनगणना के लिए नपा में सामग्री का वितरण



**बैकुण्ठपुर।** नगर पंचायत पटना में जनगणना 2026-27 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से जनगणना किट का वितरण किया गया। यह वितरण मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनगणना चार्ज अधिकारी प्रवीण कुमार उपाध्याय द्वारा नगर पंचायत पटना कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत पटना के सभी पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को जनगणना कार्य में सुविधा एवं सहायता के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान जनगणना चार्ज अधिकारी श्री उपाध्याय ने नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। किट वितरण कार्यक्रम सुपरवाइजर मो. शाहजादा एवं उमेश कुशवाहा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान जनगणना प्रभारी अविनाश जायसवाल, प्रवीण साहू एवं गौरी शंकर सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंचायत उप निर्वाचन के लिए सौंपे गए दायित्व

**बैकुण्ठपुर।** त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया द्वारा विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं। जारी आदेश के अनुसार मतदान दलों के गठन, प्रशिक्षण तथा सामग्री वितरण एवं वापसी की जिम्मेदारी तहसीलदार बैकुंठपुर को सौंपी गई है। वहीं मतपत्रों की प्रूफ रीडिंग एवं मुद्रण कार्य का दायित्व भी संबंधित अधिकारियों को दिया गया है। मतदाता सूची की चिन्हित प्रति तैयार करने, शिकायतों के निराकरण, कंट्रोल रूम संचालन, निर्वाचन सामग्री वितरण, वाहन व्यवस्था,। एवं रूट चार्ट तैयार करने सहित विभिन्न कार्यों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा सुनिश्चित करने, अभ्यर्थी एवं मतदाता सहायता केन्द्र संचालन तथा कानून व्यवस्था एवं आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए दायित्व सौंपे गए हैं।

## स्कार्पियों की टक्कर से युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** झेराडीह के समीप स्कॉर्पियो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम बेशरापानी निवासी राज कुमार राम (18 वर्ष) ग्राम बरगीडीह निवासी डागून के साथ बाइक से ग्राम झेराडीह की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे स्कॉर्पियो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच उपरांत घायल राज कुमार को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर प्रेमाबाग में जिला स्तरीय आयोजन

# सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराओं को मिला नया गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 11 मई को राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं के साथ गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से वर्चुअल माध्यम से जुड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई पूजा-अर्चना का अवलोकन किया तथा उनका संबोधन सुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में सोमनाथ मंदिर के स्वर्णिम इतिहास, विदेशी आक्रांताओं द्वारा किए गए हमलों, मंदिर के पुर्ननिर्माण तथा देश में आस्था केन्द्रों के संरक्षण एवं



संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। कोरिया जिले में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रेमाशंकर महादेव मंदिर बैकुंठपुर में अध्यक्ष देवरहा बाबा समिति के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुआ। इसमें जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान धार्मिक सत्संग का आयोजन भी किया गया तथा लोग वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहे। रायपुर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर अनेक बार बाहरी आक्रांताओं ने हमले किए, लेकिन मंदिर की आस्था एवं परंपरा को समाप्त नहीं किया जा सका।

उन्होंने कहा कि पहली बार हुए आक्रमण के दौरान मंदिर के पुजारियों एवं श्रद्धालुओं ने मंदिर नहीं छोड़ा और अपने प्राणों का बलिदान दिया, जिसका इतिहास में विशेष स्थान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन गृह मंत्री वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुर्ननिर्माण का संकल्प लिया था। उन्होंने बताया कि देश के प्रथम राष्टपति राजेन्द्र प्रसाद ने भी विरोधों ▶▶ शेष पेज 4 पर

# कोरिया की 20 वीं कलेक्टर रोक्तिमा ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

वर्ष 2016 बैच की आईएएस अधिकारी रोक्तिमा यादव ने कोरिया जिले की 20 वीं कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। वे जिले की पांचवी महिला कलेक्टर हैं, इससे पहले वर्ष 1999 में जिले में पहली महिला कलेक्टर की पदस्थापना हुई थी। अपने प्रशासनिक कार्यकाल में श्रीमती यादव विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुकी हैं।



- कलेक्ट्रेट व जिला पंचायत कार्यालयों का किया निरीक्षण

उन्होंने कई जिलों में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के रूप में सेवाएं दी हैं तथा कलेक्टर बनने से पहले समाज कल्याण विभाग में संचालक की जिम्मेदारी भी संभाली है। पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कलेक्ट्रेट एवं जिला पंचायत कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और अधिकारियों-कर्मचारियों से संवाद कर कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कार्यालय प्रमुखों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही नस्तियों एवं अभिलेखों को सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी का स्थानांतरण कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज के पद पर किया गया है। उनका कोरिया जिले में लगभग 21 माह का कार्यकाल रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, एडीएम सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर राकेश साहू, एसडीएम बैकुंठपुर उमेश पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा शिवपुर-चरचा मंडल में बड़ा संगठनात्मक विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

कोरिया जिले की भाजपा ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के निर्देशानुसार शिवपुर-चरचा मंडल में व्यापक संगठनात्मक विस्तार किया गया है।

मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा ने संगठन को सक्रिय, प्रभावी और चुनावी दृष्टि से मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई अनुभवी और जुझारू कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे हैं। वर्तमान संगठनात्मक संरचना में तीन महामंत्री, सात उपाध्यक्ष और दो नए मंडल मंत्री शामिल किए गए हैं।

- श्रमिक नेताओं समेत कई कार्यकतार्ओं को मिली जिम्मेदारी

विशेष रूप से एसईसीएल से जुड़े श्रमिक संगठनों के नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रमुखता दी गई है। भारतीय मजदूर संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह और हिन्द मजदूर सभा के अशोक निर्मलकर के प्रतिनिधियों को संगठन में जिम्मेदारी देकर पार्टी ने श्रमिक वर्ग में अपनी पकड़ मजबूत करने का संदेश दिया है। संगठनात्मक विस्तार के तहत वरिष्ठ श्रमिक नेता धर्मेन्द्र सिंह और वरिष्ठ कार्यकर्ता मनीष गुप्ता को मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं रणविजय सिंह को मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि प्रियंका विश्वकर्मा और अशोक निर्मलकर को मंडल मंत्री बनाया गया है।

मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा ऐसे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देती रही है जो समाज और संगठन के बीच सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका शिवपुर-चरचा क्षेत्र में भाजपा की स्थिति मजबूत है और बूथ स्तर तक कार्यकर्ता पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ पार्टी के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मंडल स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियां, जनसंपर्क अभियान और जनहित कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। पार्टी का उद्देश्य हर वर्ग के लोगों को संगठन से जोड़ना और भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह संगठनात्मक विस्तार आगामी नगर पालिका चुनावों की तैयारी का बड़ा संकेत है। नई नियुक्तियों से पार्टी को चुनावी रणनीति और बूथ प्रबंधन में लाभ मिलने की संभावना जताई जा रही है।

## कैलाशधाम जनकपुर से चांगदेवी भगवानपुर पर कलश यात्रा 24 को

**मनेन्द्रगढ़।** धार्मिक नगरी जनकपुर में आगामी 24 मई से 3 जून तक भव्य श्री राम वन गमन मार्ग श्री सीतामढ़ी राम सेवा आश्रम घघरा में 11 दिवसीय नौतपा महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं और भक्तों के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इस धार्मिक आयोजन में देशभर से संत-महात्मा शामिल होंगे तथा प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 24 मई को कैलाशधाम जनकपुर से चांगदेवी भगवानपुर तक भव्य 151 कलश यात्रा एवं दिव्य शोभायात्रा के साथ होगा, इसके बाद 25 मई से श्रीराम नाम अखंड संकीर्तन मंडली की बैठक प्रारंभ होगी, जो 3 जून तक चलेगी। वहीं प्रतिदिन सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक 184 धुनि तपस्या का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में दोपहर 3:30 बजे से संगीतमय वाल्मीकि श्रीराम कथा का आयोजन होगा, जिसमें कथा वाचकों द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन सुबह 9 बजे से श्री सीताराम यज्ञ की बैठक भी प्रारंभ होगी।

# मनरेगा की जगह लागू होगी वीबी जीरामजी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत देशभर में एक जुलाई 2026 से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर नई व्यवस्था के तहत विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जीरामजी) के क्रियान्वयन की तैयारी शुरू हो गई है।

भारत के राजपत्र में प्रकाशन के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि नई योजना के अंतर्गत कार्यों की स्वीकृति 1 जुलाई से प्रारंभ होगी। इस संबंध में आयुक्त मनरेगा तारण प्रकाश सिन्हा द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिन्हें कोरिया जिले के दोनों जनपद पंचायतों को भी सूचित कर दिया गया है। निर्देशों के अनुसार मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत सभी कार्यों को 15 जून 2026 के पूर्व पूर्ण करना अनिवार्य होगा। केवल पौधारोपण एवं नर्सरी संधारण कार्यों को जुलाई माह में भी जारी रखने की अनुमति दी गई है। आवास योजनाओं के अंतर्गत

- 15 जून तक सभी मनरेगा कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश

हितग्राहियों को निर्धारित 90 दिनों का अकुशल श्रम रोजगार भी समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अब केवल ग्राम सभा से अनुमोदित एवं नई योजना के अंतर्गत अनुमेय सूची में शामिल कार्यों की ही स्वीकृति दी जाएगी। प्रगतिरत कार्यों में अतिरिक्त श्रमिक लगाकर उनकी दैनिक मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। योजनांतर्गत सभी देनदारियों का ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला स्तर पर परीक्षण कर 15 जून 2026 तक आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

नवा तरिया, डबरी एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों को वर्षा ऋतु से पूर्व 10 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इन कार्यों का अंतिम मापन एवं सत्यापन भी अनिवार्य किया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मनरेगा से नई योजना में संक्रमण का यह चरण अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियम उल्लंघन पाए जाने पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी और इसके लिए संबंधित जिम्मेदार होंगे।

## सलका में अज्ञात नकाबपोश व्यक्तियों ने घर में की रैकी

**बैकुण्ठपुर।** अज्ञात नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा घर का रेकी किए जाने की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर जांच कार्रवाई की मांग की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता राजेन्द्र कुमार सोनवानी निवासी ग्राम सलका ने सिटी कोतवाली प्रभारी के नाम दिए शिकायत में उल्लेख किया है कि उनका सलका में चप्पल-जूता का दुकान है और दिनभर अपनी दुकान में रहते हैं। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि 10 मई को उनके पड़ोसी राजेश ने बताया कि दिन के 11:30 से 12 बजे के बीच घर के पास तीन लोग पहुंचे थे और घर के चारों तरफ घुमकर देख रहे थे। इसी बीच पड़ोसी राजेश से मेरे बारे में पूछ रहे थे कि दुकान से कितने समय घर आते हैं। बाइक में झारखण्ड लिखा हुआ है पूछकर यह कहकर वापस चले गए कि फिर आते हैं। शिकायत के अनुसार अज्ञात लोगों के बाइक में झारखण्ड लिखा हुआ था। इस घटना से पीड़ति किसी अपने परिवार पर किसी अनहोनी की आशंका को लेकर सिटी कोतवाली प्रभारी बैकुंठपुर के नाम लिखित आवेदन देकर जांच कार्रवाई की मांग की है।

- पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

## अवैध खनिज : मिनी ट्रक, हाइवा एवं ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

4 से 10 मई के बीच खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्रवाई करते हुए पटना, बैकुंठपुर एवं शिवपुर चरचा थाना के अंतर्गत दो हाईवा, तीन ट्रैक्टर एवं एक मिनी ट्रक को जप्त किया गया है।

खनिज विभाग की टीम द्वारा गश्त के दौरान उक्त वाहनों में अवैध रूप से खनिज कोयला, ईंट एवं गिट्टी का परिवहन किया जाना पाया गया। इसके बाद संबंधित वाहनों को मौके पर ही जब्त कर थाना बैकुंठपुर, चरचा एवं पटना में अभिरक्षा में रखा गया है। सीजी 16 ए 2435 मिनी ट्रक, मालिक प्रदीप यादव, सीजी 16 सीजी 6738 ट्रैक्टर मालिक ओम कैलाश, सीजी 15 एसी 3349 ट्रैक्टर मालिक शिव कुमार, सीजी 16 सीआर 2013, ट्रैक्टर मालिक राधे सिंह, सीजी 10 एएम 7044 तथा सीजी 10 एएम 5428 दोनो हाइवा मालिक मेसर्स श्रीराम कंस्ट्रक्शन के विरूद्ध छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमनद्ध अधिनियम 1957 की



धारा 21 से 23 ख के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने के लिए नियमित निरीक्षण एवं कार्रवाई जारी रहेगी।

### घंटों कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# भीषण गर्मी में बिजली संकट से बेहाल शिवपुर-चरचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर-चरचा क्षेत्र में इन दिनों बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बिना पूर्व सूचना के घंटों बिजली बंद रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार शिवपुर-चरचा नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में पिछले कई दिनों से लगातार बिजली बाधित हो रही है। सोमवार को भी सुबह से बिजली आपूर्ति ठप रही, इससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई। बिजली गुल रहने के कारण पेयजल संकट गहराने लगा, वहीं पंखे और कूलर बंद होने से लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल नजर आए। स्थानीय




नागरिकों का कहना है कि गर्मी अपने चरम पर है और ऐसे समय में लगातार बिजली कटौती से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। रातभर बिजली नहीं रहने से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है, वहीं मोबाइल चार्जिंग जैसी बुनियादी समस्याएं भी सामने आने लगी हैं। बिजली संकट का असर व्यापारिक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है। दुकानदारों और छोटे व्यवसायियों ने बताया कि बार-बार बिजली बंद होने से कारोबार प्रभावित हो रहा है। वहीं छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि बिजली कटौती को लेकर विभाग की ओर से कोई पूर्व सूचना नहीं दी जाती और शिकायतों के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिलता।

लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने पर भी अधिकारियों द्वारा बिजली बहाली का स्पष्ट समय नहीं बताया जाता। नगर पालिका क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि बिजली समस्या अब अस्थायी न रहकर स्थायी रूप लेती जा रही है। कई मोहल्लों में दिन और रात दोनों समय घंटों बिजली गुल रहने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। मोटर पंप से पानी की व्यवस्था करने वाले घरों में जल संकट भी गहरा गया है, जिससे महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर दिया जोर




**बैकुण्ठपुर।** जिले की नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने पदभार संभालने के बाद आयोजित समय-सीमा की बैठक में राज्य एवं केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की विभागवार समीक्षा की तथा अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व, खाद्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मार्कफेड, सहकारिता, खनिज, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, लोक निर्माण, जल संसाधन, कृषि, वन विभाग तथा नगरीय निकायों में संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती यादव ने निर्देशित किया कि जिन विभागों की प्रगति लक्ष्य से पीछे है, वे कार्यों में तेजी लाएं और ▶▶ शेष पेज 4 पर

# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई...






















## खबर संक्षेप

### चोरी की बाइक बेचने ग्राहक तलाश रहा आरोपी गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** सोनगरा बाजार से बाइक चोरी कर बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपी को पुलिस ने चोरी की बाइक समेत पकड़ लिया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि 8 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि दिनेश राजवाड़े निवासी सुंदरगंज का एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल लेकर गांव में आया है और बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहा है। सूचना पर सुंदरगंज पहुंचकर आरोपी दिनेश राजवाड़े से पूछताछ करने पर अपने पास रखे बिना नंबर के पल्सर मोटरसाइकिल को करीब दो माह पहले सोनगरा बाजार के पास से चोरी करना स्वीकार किया गया,आरोपी के पास से बरामद मोटरसाइकिल चोरी के होने पर जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 35(1) ड, 303(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी दिनेश राजवाड़े पिता बोधन उर्फ शंकर राजवाड़े 32 साल निवासी सुंदरगंज को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी समेत अन्य पुलिस टीम सक्रिय रही।

### जेल कॉम्पलेक्स के सामने लिख रहा था सट्टा, गिरफ्तार

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने जेल कॉम्पलेक्स के सामने फल दुकान के पास एक युवक को सट्टा लिखते हुए पकड़ा है। मौके पर एक व्यक्ति विभिन्न अंकों पर दांव लगवाकर सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बबलू निषाद, निवासी कैदीमुड़ा, थाना जूटमिल, रायगढ़ बताया। आरोपी ने पूछताछ में सट्टा पट्टी लिखकर लोगों से हार जीत का दांव लगवाना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक नगदी रकम 1 हजार 200 गवाहों के समक्ष जब्त की गई।

# चार साल से पुल का निर्माण पूरा नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

## बरसात में होती परेशानी, धीमी गति से काम



बरमकेला विकासखंड अंतर्गत विक्रमपाली क्षेत्र में निर्माणाधीन पुलिया और सड़क का कार्य पिछले 3-4 वर्षों से जारी है लेकिन आज तक पूरा नहीं हो सका है। क्षेत्र की जनता लंबे समय से पुलिया निर्माण पूरा होने का इंतजार कर रही है, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार ने लोगों की उम्मीदों को निराशा में बदल दिया है।

निर्माण स्थल की स्थिति देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार्य अब भी अधूरा पड़ा हुआ है। कहीं गिट्टी फैली हुई है तो कहीं मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। सड़क के कई हिस्सों में समतलीकरण तक पूरा नहीं हुआ है। पुलिया के आसपास निर्माण सामग्री बिखरी हुई है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब इस निर्माण कार्य की शुरुआत हुई थी तब लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही क्षेत्र को बेहतर सड़क और मजबूत पुलिया की सुविधा मिलेगी, जिससे बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से राहत मिल सकेगी। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा है और निर्माण की गति इतनी धीमी है कि लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बन चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष बरसात के समय छोटी पुलिया होने के कारण नाले में पानी का बहाव काफी तेज हो गया था। बारिश के दिनों में हालात इतने खराब हो गए थे कि लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया था। तेज बहाव के कारण एक कार पानी में बह गई थी, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश के दौरान स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरोंए मरीजों और रोजमर्रा के काम से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। कई बार लोगों को जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ा।

### इस वर्ष भी मंडरा रहा वही खतरा

अब एक बार फिर बारिश का मौसम नजदीक है, लेकिन निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति देखकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस गति से कार्य चल रहा हैए उसे देखकर नहीं लगता कि बरसात से पहले पुलिया और सड़क निर्माण कार्य पूरा हो पाएगा। यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो इस वर्ष भी लोगों को वही पुरानी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों को डर है कि बारिश शुरू होते ही अधूरी सड़क और अधूरी पुलिया लोगों की मुश्किलें और बढ़ा देगी।

### लैलूंगा में अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**रायगढ़।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत रायगढ़ जिले में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य तेजी से जारी है। जिले के 18 चार्ज क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा घर.घर पहुंचकर सर्वे किया जा रहा है। यह कार्य 30 मई तक किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी तथा उप जिला जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में जनगणना कार्य की सतत निगरानी की जा रही है। जिला स्तरीय मॉनिटरिंग टीम विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों के कार्यों की समीक्षा कर रही है। इसी क्रम में आज लैलूंगा अनुभाग के मुकड़ेगा एवं लैलूंगा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय जनगणना अधिकारी लैलूंगा भरत कौशिक, चार्ज अधिकारी, जनगणना निदेशालय के रायगढ़ नोडल अधिकारी शेष प्रसाद पांडा तथा जिला मास्टर ट्रेनर विकास रंजन सिन्हा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सुपरवाइजरों से जनगणना कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा प्रगणकों द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मोबाइल एप एवं डेटा एंट्री से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया।



## धूमधाम से मनाई गई गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

▪ नेताजी बंग समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित किया भव्य मधुर मिलन कार्यक्रम

रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर नेताजी बंग समाज कल्याण समिति द्वारा मधुर मिलन कार्यक्रम भगवानपुर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की कविताओं के अंश मूल बांग्ला भाषा में प्रस्तुत करते हुए उनके साहित्य, रचनाओं एवं बंगाली समाज की सांस्कृतिक परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज द्वारा संस्कृति संरक्षण के प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज ने टैगोर के जीवन, राष्ट्रगान की रचना, नोबेल पुरस्कार, गीतांजलि एवं अन्य साहित्यिक कृतियों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने सनातन परंपरा में बंगाली समाज को समर्पित भूमिका की प्रशंसा की। समिति के अध्यक्ष दिलीप धर ने बंगाली समाज की गौरवशाली परंपरा, भाषा, साहित्य एवं कला के संरक्षण और संवर्धन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के आदर्शों एवं रचनाओं का अध्ययन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर कुलदीप सिंह कथुर ने शांति निकेतन में अध्ययन के अनुभव साझा किए। दिलीप कुमार विश्वास ने गुरुदेव के बचपन, परिवार, नोबेल पुरस्कार एवं राष्ट्रगान की रचना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। गोसाई ने समाज में एकता एवं शिक्षा के क्षेत्र में गुरुदेव के विचारों को अपनाने की आवश्यकता बताई। शिल्पा पांडे ने महिला शिक्षा एवं टैगोर के विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। नूतन विश्वास ने कहा कि रवींद्र संगीत प्रत्येक घर तक पहुंचना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिमांगी त्रिपाठी, भानु प्रकाश मुखर्जी, जय किशन विश्वास, मोनालिका सोनी, सीमा खानवलकर, शिल्पी, अनुकूल समद्दार, सीमा अधिकारी, संचित रानी धर, इशिता पाल, आतिशी मुखर्जी एवं पावी हालदार ने रवींद्र संगीत एवं गीतांजलि की कविताओं का पाठ प्रस्तुत किया। रवींद्र संगीत की धुन पर सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रस्तुतियों में प्रगति विश्वास, प्रतीक विश्वास, खुशी सरकार, पूनम हालदार, अंकित विश्वास, बबली मजूमदार एवं निधिवी समूह ने आकर्षक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का संचालन सुनीता दास एवं लिली बसुराय ने किया। उपस्थित अतिथियों एवं कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रुति मुखर्जी, अंजू सरकार, कृष्ण मंडल, गौरांग मंडल, सुनील विश्वास, विजय अधिकारी, श्यामल समद्दार, धीरज मंडल, गणेश मंडल, सुभाष नंदी, कल्पना दास, तरुण बनीक, सुजीत कुमार सुतार, निरंजन विश्वास, विजय राय, सुदामा सरकार, आशीष शील, दीपेश धर, राकेश गुहा, कार्तिक माझी, संजीत मंडल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस डे



रामानुजनगर। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस डे दिवस मनाया गया। संस्था की शिक्षिका श्रीमती अर्चना गुप्ता द्वारा प्राचार्य सहित संस्था में उपस्थित सभी शिक्षकों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच कर यह संदेश दिया गया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। रेडक्रॉस संस्थान रक्तदान, प्राकृतिक आपदाओं में सहायता, स्वास्थ्य सेवाएं और जरूरतमंदों की मदद जैसे अनेक कार्य करती है। संस्था के प्राचार्य पीसी सोनी ने बताया कि रेडक्रॉस संस्था की स्थापना का उद्देश्य युद्ध और आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता करना है। यह दिन मानवता, सेवा और सहायता की भावना को समर्पित है। हम सभी को भी दूसरों की सहायता करने, रक्तदान के प्रति जागरूक रहने और मानवता की सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली



**रायगढ़।** सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 11 मई तक संचालित होगा। अभियान के तहत जिले में खाद्य पदार्थों एवं औषधियों की गुणवत्ता जांच के साथ आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार 8 मई को जिला स्तरीय स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों तथा एंटीबायोटिक एब्यूज के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशे और दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा। रायगढ़ जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सुबह 7 से 9 बजे तक आयोजित इस रैली में विभागों के अधिकारी कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं आम नागरिक शामिल हुए।




























# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं...














































## खबर संक्षेप

### बंग समाज ने मनाई रविंद्र नाथ टैगोर की 165वीं जयंती

**रामानुजगंज।** ग्राम धनगांव में विश्व कवि रवींद्र नाथ टैगोर का 165वां जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम रवींद्रनाथ टैगोर की छायाचित्र के समक्ष धूप दीप जला कर कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। छत्तीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति द्वारा क्षेत्र की मेधावी छात्र, उत्कृष्ट कृषक, गायक, मूर्तिकार, साहित्यकार, भागवत कथा वाचक, पुजारी , वृद्ध को समूह की अध्यक्ष सचिव महिला एवं सामाजिक कार्यकर्ता को शाल श्रीफल साड़ी मेडल से प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान रामु घोष ने रविंद्र नाथ टैगोर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज की उत्थान एवं शिक्षा तथा स्वास्थ्य पर ध्यान आकर्षित करते हुए नशा मुक्त समाज बनाने की इच्छा जताई है। क्षेत्र के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान संरक्षक सुबोध विश्वास, सुभाष राय, रमेश मंडल, गौर विश्वास, राम घोष, दिवाकर मुखर्जी, संदीप सरकार, पुलिन मंडल, विजय व्यापारी, कृष्ण मल्लि, मंगल विश्वास, उत्तम कुमार दास, संतोष सरदार, दिलीप समझदार, बसु सरदार, जगदीश मंडल, रविंद्र विश्वास, समीर मंडल, पवन वर्मा उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभास, मनीद्र सरकार, सुशांत महंत, अरविंद भौमिक, विजोन मंडल,नवों चक्रवर्ती, अनिल दास श्रीमती राजकुमारी, सुशीला विश्वास तथा बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत की।

### सड़क दुर्घटना में घायल हुई महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम सोन तराई निवासी राज कुमारी पैकरा पति चमरू राम पैकरा (51 वर्ष) 2025 दिसंबर माह में पति के साथ बाइक से ग्राम सूर रिश्तेदार के यहां दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। शाम को दंपति बाइक से घर आ रहे थे और जैसे ही बाइक सवार सोनतराई जोबोटिकरा के समीप पहुंचे तभी सड़क पर गिराए गए गिट्टी व रेत से बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे बाइक सवार सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में राज कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया। इधर ज्यादा खर्च हो जाने पर परिजन 7 मई को रायपुर से शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज तड़के उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

## निधन

### कृष्ण कुमार गुप्ता (रज्जू)

**बैकुण्ठपुर।** शहर के कचहरीपारा निवासी कृष्ण कुमार गुप्ता का 11 मई की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 74 वर्ष के थे। स्व. गुप्ता का अंतिम संस्कार अपरान्ह गेज नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे। वे व्यवसायी सुरेश गुप्ता व सुरेन्द्र गुप्ता के पिता थे। स्व. गुप्ता अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।



### गड्ढों में तब्दील सड़क पर लोगों का आवागमन करना हुआ मुश्किल

# खड़गवां से गोहगढ़ तक की जर्जर सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए बनी परेशानी की सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

खड़गवां से गोहगढ़ नाला तक की जर्जर सड़क अब क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है बावजूद इसके आज तक पेंच रिपेयरिंग तक नहीं हो सका। आलम यह है मार्ग से भारी वाहनों के आवागमन करने से सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई है। ऐसे में लोग गड्ढों के बीच के बीच आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**
- लोगों ने की सड़क मरम्मत कराने की मांग

प्रतापपुर अंबिकापुर मुख्य सड़क मार्ग पर खड़गावा से गोहगढ नाला तक की सड़क की मरम्मत नहीं होने से सड़क की काफी जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो गई है। ऐसे में आने जाने वाले राहगिर को कई प्रकार का दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी बात यह है कि प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य सड़क मार्ग से कई नेताओं को और कई मंत्रियों को एवं जनप्रतिनिधि सहित विधायकों को रोजाना आने जाने के बावजूद सड़क की बदहाल स्थिति नजर नहीं आती। ऐसे में बदहाल हो चुकी सड़क की मरम्मत कराने किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। ऐसे में मार्ग से आवागमन करने वाले बाइक, स्कूटी सहित पैदल चलने वाले लोगों का कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि इस भीषण गर्मी के कारण छोटे-बड़े वाहनों के गुजरने से धूल के गुब्बार उड़ने लगते है जिससे बीमारी का खतरा तो बढ़ गया है वहीं गड्ढे के कारण हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर बने गड्ढों को पाटने के साथ पेंच रिपेयरिंग किए जाने की मांग की है।



जर्जर सड़क।

**प्रशासन को कई बार करा चुके है अवगत**

शासन प्रशासन को कई बार जर्जर सड़क के संबंध में अवगत कराने के बाद भी अब तक यह सड़क की स्थिति बदहाल बनी हुई है। क्षेत्र के जीशान खान ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर सड़क मरम्मत कराने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है और सड़क अब चलने लायक नहीं रह गई है। कई बार ध्यान आकर्षण के बाद भी आज तक किसी प्रकार का समाधान नहीं किया जा सका है। उन्होंने सड़क की मरम्मत नहीं करने पर सोमवार को सांकेतिक प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

**कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना**

सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई है। अब सड़क पर बने गड्ढे से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। रात के समय तो कई लोग दुर्घटना ग्रस्त होने से घायल हो चुके है। इसके अलावा मार्ग से गुजर रहे दोपहिया वाहन चालकों दुर्घटना ग्रस्त होने की घटना बढ़ गई हैं। दिन के समय तो राहगीर संभल कर चलते है लेकिन रात के समय अंधेरा होने के कारण मार्ग और भी खतरनाक हो जाती है। ऐसे में समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**सड़क बनवाने करूंगी अनुशंसा**

सड़क जर्जर हालत में है। संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा करके सड़क को बनवाने के लिए अनुशंसा करूंगी

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

**बैकुण्ठपुर।** पंचायत उप निर्वाचन 2026 के तहत विकासखंड बैकुंठपुर एवं सोनहत के विभिन्न ग्राम पंचायत क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार विकासखंड बैकुंठपुर के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 जनपद पंचायत सदस्य तथा ग्राम पंचायत बिशुनपुर, केनापारा, पोटेडांड़, पतरापाली, सरईगहना, मुड़ीझरिया, जामपानी, डुभापानी, जटासेमर, चारपारा, झरनापारा, कदमनारा, गोल्हाघाट, कटोरा, पिपरा, करजी, चिरगुड़ा, डुमरिया एवं मुगुम तथा विकासखंड सोनहत के ग्राम पंचायत अकलासरई में पंचायत उप निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा।

निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 1 जून को मतदान यदि आवश्यक हो, 2 जून को मतगणना तथा 4 जून को परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिला दण्डाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला कोरिया द्वारा छग कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के अंतर्गत जारी आदेश में कहा गया है कि चुनाव प्रचार के दौरान लाउडस्पीकरों के अत्यधिक उपयोग से ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, जिससे आमजन, विद्यार्थी, बुजुर्ग एवं रोगियों को परेशानी होती है। आदेशानुसार रात्रि 10 से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वहीं प्रातः 6 से रात्रि 10 बजे तक चुनाव प्रचार के लिए सीमित एवं मध्यम ध्वनि में ही लाउडस्पीकरों का उपयोग किया जा सकेगा।

लंबे चोंगे वाले हार्न माइक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। चुनावी सभाओं एवं प्रचार वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, न्यायालयों, शासकीय कार्यालयों, छात्रावासों, बैंक, पोस्ट ऑफिस एवं अन्य सार्वजनिक कार्यालयों से 200 मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश 8 मई से निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक कोरिया राजस्व जिले के अंतर्गत संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावशील रहेगा।

## सार्वजनिक संपत्तियों को विरूपित करने पर होगी कार्रवाई

**बैकुण्ठपुर।** पंचायत उप निर्वाचन 2026 के मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद सार्वजनिक एवं निजी संपत्तियों को चुनावी प्रचार सामग्री से विरूपित किए जाने पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार विकासखंड बैकुंठपुर के जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 तथा ग्राम पंचायत बिशुनपुर, केनापारा, पोटेडांड़, पतरापाली, सरईगहना, मुड़ीझरिया,जामपानी, डुभापानी, जटासेमर, चारपारा, झरनापारा, कदमनारा, गोल्हाघाट, कटोरा, पिपरा, करजी, चिरगुड़ा, डुमरिया, मुगुम एवं विकासखंड सोनहत के ग्राम पंचायत अकलासरई में पंचायत उप निर्वाचन आयोजित किया जाएगा।

निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 1 जून 2026 को मतदान यदि आवश्यक हो, 2 जून को मतगणना तथा 4 जून को परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिला दंडाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा छग संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 5 के अंतर्गत जारी आदेश में कहा गया है कि चुनाव प्रचार के दौरान शासकीय एवं अशासकीय भवनों की दीवारों पर नारे लिखने, पोस्टर बैनर लगाने तथा विद्युत एवं टेलीफोन खंभों पर झंडियां लगाने से सार्वजनिक संपत्तियों का स्वरूप विकृत होता है। आदेशानुसार चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक संपत्तियों को विरूपित किए जाने की स्थिति में अनुभाग स्तर पर श्लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता गठित किया जाएगा। यह दस्ता पोस्टर-बैनर हटाने, नारे मिटाने एवं सार्वजनिक संपत्तियों को मूल स्वरूप में लाने की कार्रवाई करेगा। दस्ते में लोक निर्माण विभाग एवं स्थानीय निकायों के कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा तथा इसकी निगरानी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी करेंगे। साथ ही सहयोग के लिए पुलिस विभाग, पटवारी एवं स्थानीय निकाय के कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी निजी संपत्ति को उसके स्वामी की लिखित अनुमति के बिना विरूपित किए जाने पर संबंधित संपत्ति स्वामी थाने में एफआईआर दर्ज करा सकेगा, जिसके आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# छात्राओं ने किया वेजीटेबल कल्टीवेशन सेंटर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर के एम.कॉम द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने 9 मई को सोशल आउटरिच एवं स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत केनापारा स्थित वेजीटेबल कल्टीवेशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भारत सिंह के निर्देशन में तथा वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार डे, सहायक प्राध्यापक मो. अमजद एवं सुश्री रिचा चेलकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने वेजीटेबल कल्टीवेशन सेंटर का अवलोकन किया, जहां संचालक एवं कृषक श्री भारत राजवाड़े, उनकी पत्नी श्रीमती ताराबाई राजवाड़े, माता फूलकुंवर एवं श्रीमती प्रमिला राजवाड़े ने आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र में पीले एवं नारंगी तरबूज, जुकिनी, सफेद करेला, विभिन्न रंगों की ब्रॉकली, आम, उड़द, मूंग, कद्दू सहित कई प्रकार की नवीन फल एवं सब्जियों की खेती की जा रही है। कृषकों ने बताया कि ड्रिप सिस्टम, ट्यूबवेल, सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक फेंसिंग, नेट एवं ट्रैक्टर जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से उत्पादन में वृद्धि हुई है तथा लागत में कमी आई है। यहां उत्पादित फलों एवं सब्जियों को अंबिकापुर, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़ एवं बैकुंठपुर के बाजारों में बेचकर बेहतर लाभ प्राप्त किया जा रहा है। छात्राओं ने आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं उत्पादन तकनीकों की जानकारी प्राप्त की तथा खेती के नवीन तरीकों को नजदीक से समझा। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की छात्राएं स्नेहा, कुनरोज, आरती, बसंती, पूर्णिमा, सविता, रीना, संजीता, ज्योति, निकिता एवं प्रतिभा उपस्थित रहीं।




### कला संकाय के विद्यार्थियों को दी गई बिदाई

**अम्बिकापुर।** भूगोल एवं एमएसडब्ल्यू विभाग के विदाई समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि कला संकाय के विषय व्यक्तित्व निर्माण करते हैं और इससे समाज की बुनियाद मजबूत होती है।आपने महाविद्यालय के विद्यार्थी जीवन में जो सीखा, वह आपकी पहचान है। अपनी पहचान को गुणवत्ता के साथ जोड़ें क्योंकि सफलता ही आपको स्थापित करेगी। कला एवं मानविकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आर.एन. शर्मा ने कहा कि सफलता के साथ भी सफलता के बाद भी महाविद्यालय परिवार आपके साथ है। आप अपनी सफलताओं से हमें अवगत करायें जिस पर हमारे जश्न की बुनियाद तैयार होगी। डॉ. शर्मा ने कहा कि आप भाग्यशाली हैं कि आर्ट्स के विद्यार्थी हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरिंग के विद्यार्थी आर्ट्स विषय का चयन कर सफलता हासिल करते हैं। संघ लोक सेवा आयोग, प्रदेश के आयोगों में वरियता सूची में आर्ट्स विषय के प्रतियोगी शामिल रहते हैं। उन्होंने कहा की आप सुनियोजित तरीके से पढ़ाई कीजिये, सफलता आपके साथ होगी। प्रवीण खलखो, साहिना परवीन, खूशबू तिर्की ने कॉलेज के दिनों की यादें साझा कीं। विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समारोह को सराबोर कर दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 18,548 प्रकरण निराकृत

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 9 मई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश पारीक के नेतृत्व में सिविल न्यायालय बैकुंठपुर एवं मनेन्द्रगढ़ के लिए कुल 14 खंडपीठों का गठन किया गया। इनमें न्यायालयों में लंबित 3577 प्रकरणों को राजीनामे के लिए रखा गया था, जिनमें से 3159 प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। इन प्रकरणों में कुल 52 लाख 77 हजार 410 रूपए की राशि का सेटलमेंट हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों के लिए कलेक्टर, एसडीएम एवं तहसीलदार स्तर पर भी खंडपीठों का गठन किया गया। राजस्व न्यायालय बैकुंठपुर में 9 तथा जिला एमसीबी में 20 खंडपीठों का गठन किया गया। दोनों जिलों में कुल 15,356 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया, इसके अतिरिक्त बैंक, नगरपालिका, टेलीफोन एवं राजस्व विभाग से संबंधित कुल 18,379 प्रीलिटिगेशन प्रकरण लोक अदालत में रखे गए, जिनमें से 15,389 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस प्रकार जिला बैकुंठपुर एवं मनेन्द्रगढ़ में कुल 21,956 प्रकरण राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 18,548 प्रकरणों का सफल निराकरण कर कुल 75 लाख 03 हजार 821 रूपए की राशि का सेटलमेंट कराया गया।

## कैलाशधाम जनकपुर से चांगदेवी भगवानपुर पर कलश यात्रा 24 को

**मनेन्द्रगढ़।** धार्मिक नगरी जनकपुर में आगामी 24 मई से 3 जून तक भव्य श्री राम वन गमन मार्ग श्री सीतामढ़ी राम सेवा आश्रम घघरा में 11 दिवसीय नौतपा महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं और भक्तों के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इस धार्मिक आयोजन में देशभर से संत-महात्मा शामिल होंगे तथा प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 24 मई को कैलाशधाम जनकपुर से चांगदेवी भगवानपुर तक भव्य 151 कलश यात्रा एवं दिव्य शोभायात्रा के साथ होगा, इसके बाद 25 मई से श्रीराम नाम अखंड संकीर्तन मंडली की बैठक प्रारंभ होगी, जो 3 जून तक चलेगी। वहीं प्रतिदिन सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक 184 धुनि तपस्या का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में दोपहर 3:30 बजे से संगीतमय वाल्मीकि श्रीराम कथा का आयोजन होगा, जिसमें कथा वाचकों द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन सुबह 9 बजे से श्री सीताराम यज्ञ की बैठक भी प्रारंभ होगी। आयोजन का विशेष आकर्षण वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य रामलीला होगी। यह मंचीय कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 7:30 से रात्रि 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जो 3 जून तक लगातार चलेगा। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन विश्वशांति, गौसंरक्षण, सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार तथा जनकल्याण की भावना को लेकर किया जा रहा है। कार्यक्रम में संत, ब्राह्मण,भक्त एवं श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सनातन संस्कृति एवं...

के बावजूद मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लिया था। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराओं को नया गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आज काशी विश्वनाथ मंदिर, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और सोमनाथ मंदिर सहित देशभर के प्रमुख धार्मिक स्थलों का तेजी से विकास किया जा रहा है। जिला स्तरीय आयोजन में देवराहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे, नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पंचायत पटना की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक बैकुंठपुर एसडीएम उमेश पटेल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### भीषण गर्मी में...

करना पड़ रहा है। उमस और भीषण गर्मी के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ने लगी हैं। छोटे बच्चों और बुजुर्गों में बेचैनी और स्वास्थ्य खराब होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि भीषण गर्मी को देखते हुए क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा अनावश्यक कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया तो क्षेत्र में जनआंदोलन की स्थिति निर्मित हो सकती है।

### पात्र हितग्राहियों तक...

निर्धारित समय-सीमा के भीतर जिम्मेदारीपूर्वक कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने जाति, निवास एवं अन्य प्रमाण पत्रों की उपलब्धता, एग्रीस्टेक पंजीयन, मनरेगा के तहत रोजगार, आधार अपडेट, आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, महतारी वंदन योजना के अंतर्गत ईकेवाईसी तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ दूरस्थ अंचलों में रहने वाले पात्र हितग्राहियों तक प्राथमिकता के साथ पहुंचे। साथ ही मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलको, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, एडीएम सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर राकेश साहू, उमेश पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेल कर्मियों की बहुप्रतीक्षित जीडीसीई परीक्षा शीघ्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन मुख्यालय बिलासपुर में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश की अध्यक्षता में वर्ष 2026 की प्रथम जोनल पीएनएम बैठक 6 एवं 7 मई को महाप्रबंधक सभागार में आयोजित की गई। बैठक में युवा रेल कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित जीडीसीई वर्ष 2023 परीक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

बैठक में एजेंडा क्रमांक 15 पर विस्तृत चर्चा के दौरान प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने जानकारी दी कि रेलवे प्रशासन द्वारा वर्ष 2023 की जीडीसीई परीक्षा को रद्द करने के लिए रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के हस्तक्षेप एवं महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के निर्देश के बाद प्रशासन को उक्त प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। रेल प्रशासन ने बैठक में बताया कि परीक्षा संचालन एजेंसी ईसीए चंडीगढ़ आरआरबी तय कर दी गई है तथा 31 मई 2026 से पहले मजदूर कांग्रेस के साथ बैठक कर रुकी हुई जीडीसीई परीक्षा के लिए नई अधिसूचना जारी की जाएगी। बैठक में केंद्रीय रेलवे अस्पताल में नए केबिन निर्माण, रनिंग कर्मचारियों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, टिकट चेकिंग स्टाफ को नए एच एच टी उपलब्ध कराने तथा सभी विभागों में एल डीसीई प्रक्रिया पूर्ण करने पर भी सहमति बनी।एनएफआईआर एवं रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राव तथा करंजी शाखा सचिव पप्पू सिंह ने बताया कि दो दिवसीय जोनल पीएनएम बैठक बेहतर माहौल में संपन्न हुई।इस दौरान सेवानिवृत्त हो रहे हेडक्वार्टर एपीओ ए.प्रकाश का शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। बैठक में अतिरिक्त महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी आदित्य कुमार, मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) डॉ. दर्शनीयता आहुलवालिया, रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष डी.के. स्वाइन, मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, बी.डी. प्रसाद, इंदल दमाहे, कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र रविधल, संयुक्त महामंत्री बी. कृष्ण कुमार एवं राजेश खोपारागड़े सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



